Though thou art the lord of the universe yet you prefer to remain aloof.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

७९. उपमाविहीनाय उपमाधराय

(Upamāvihīnāya upamādharāya)

You are beyond the field of similies yet all similies are possessed by you.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८०. स्वातन्त्र्यरूपाय स्पन्दात्मकाय

(Svātantryarūpāya spandātmakāya)

Thou art embodiment of Svātantrya— the indominable free will, and Spanda - creative pulsation.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८१. अभिनवगुप्ताय काश्मीरिकाय

(Abhinavaguptāya Kāśmīrikāya)

Incarnate of Abinavagupta of Kashmir
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८२. संकोचशून्याय विभूतिदाय

(Samkocaśūnyāya vibhūtidāya)

Void of all limitations, and Giver of all glory.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८३. स्वानन्द लीलोत्सव संरताय

(Svānanda līlotsava samratāya)

Engrossed in the self-enacted sport of joy.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८४. मालिनी स्वरूपाय मातृकात्मकाय
(Mālinī svarūpāya Mātṛkātmakāya)
Embodiment of Mālinī and Mātṛkā[10].
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८५. धर्मपद दर्शन दीपकाय
(Dharmapada darśana dīpakāya)
Thou art the lamp that lights up the path of duty.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८६. सायुज्यदात्रे परभैरवाय
(Sāyujyadātre parabhairavāya)
Bestower of oneness with Thy Self Thou art Embodiment of Para Bhairava.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८७. पादाब्जदीप्त्याऽपहतमलाय
(Pādābjadīptyā'pahatamalāya)
Destroyer of all three impurities[11] with the mere glow of Thy Lotus Feet.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८८. समस्तदैन्यादि विनाशकाय
(Samastadainyādi vināśakāya)
You destroy all kinds of limitations, such as sense of dependence and the like.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

८९. महेश्वराय जगदीश्वराय
(Maheśvarāya Jagadīśvarāya)
The Greatest Lord of all, Master of the phenomenal world.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

---

10. Mālinī-नादि फान्ता मालिनी– the letters arranged in an irregular form from 'न' to 'फ' and this Śakti of letters keep within itself the whole universe. It is called मालिनी मातृका– Mother, the Parāvāk Śakti that manifests this universe. The letter and word power supposed to be the basis of all knowledge, ज्ञानाधिष्ठानँ मातृका– Śiva Sūtra.
11. Namely, aṇava, māyīya and kārma.

१०. खस्थाय स्वस्थाय निरंजनाय
(Khasthāya svasthāya niramjanāya)

Established in the ether of consciousness, perpetually residing in the Self, You are taintless
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

११. विज्ञान ज्ञानाम्बुभिः शान्तिदाय
(Vijñāna jñānāmbubhiḥ śāntidāya)

Giver of eternal peace by sprinkling with knowledge of Brahma and His multifarious activities.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१२. गुरवे मदीयाय मोक्षप्रदाय
(Gurave madīyāya mokṣapradāya)

My Master, Giver of Mokṣa, a correct knowledge of the true nature of the self.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१३. शिवावताराय च दैशिकाय
(Śivāvatārāya ca daiśikāya)

Precept perfect, Lord Siva incarnate.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१४. अनादिबोधाय संवित्घनाय
(Anādibodhāya samvitghanāya)

Primal source, Mass of Supreme Consciousness.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१५. आचार्य शंकरगिरेः शिवाय
(Ācārya Śamkaragireḥ Śivāya)

You are Śiva personified of Shankara Carya Hill.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१६. परभैरवधाम्नि कृत संश्रयाय
(Parabhairava dhāmnikṛta samśrayāya)

Para Bhairava dham[12] is Thy eternal abode.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

९७. भैरवरूपाय श्रीलक्ष्मणाय

(Bhairavarūpaya Śrī Lakṣmaṇāya)

Embodiment of Bhairava, Śrī Lakṣmaṇa Thou art
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

९८. खेदिग्गोभूवर्ग चक्रेश्वराय

(Khediggobhūvarga cakreśvarāya)

Lord of the Wheel of Presiding Deities that reign over the ether of consciousness (khe[13]), ten directions (dika) and the organs of cognition (go) and the animate world (bhū). Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo.

९९. स्वच्छन्दनाथाय ममपालकाय

(Svacchandanāthāya mamapālakāya)

O Svacchandanātha, (Lord Śiva, having five faces of Cita, Ānanda, Iccha, Jñāna, and Kriyā is called Svacchandanātha, with his eighteen arms, He is ever ready to protect us when implored) my Protector
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१००. अमृतद्रवाय अमृतेश्वराय

(Amṛtadravāya Amṛteśvarāya)

Saturated with divine nectar, You verily are Amṛteśvara, the lord of the nectar of liberation.
Obeisance to You, Guru Laksmana Joo

---

12. The throne of Para Bhairava, an octagonal wooden structure constructed on the premises of the Ishwar Ashram in the year 1988 by Svāmī Jī Mahārāj
13. Khe, an abbreviation of khechari, is the subjective power of Pramata; Dika, an abbreviation of dikacari, is the locomotional power relating to the five bahiṣkaraṇas (organs of action); Go, an abbreviation of gocari, represents the cognitive power in respect of five antahkaraṇas; Bhu, an abbreviation of bhūcari, is the power connected with the phenomenal world of bhāvas (physical objects of prameya varga). From the micro cosmic point of view this consists of the internal and external senses.

१०१. यज्ञस्वरूपाय फलप्रदाय

(Yajñasvarūpāya phalapradāya)

You are of the form of sacrifical fire and also bestower of the fruits thereof.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०२. नानदत्त आत्रेय पुत्रीसुताय

(Nānadatta Ātreya putrīsutāya)

Śrī Nāna Datta of Ātreya lineage was your maternal grandfather.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०३. सत्याय नीलोत्पल लोचनाय

(Satyāya nīlotpala locanāya)

Truth personified, Your eyes resemble blue lotuses.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०४. भवाब्धिपोताय सुरेश्वराय

(Bhavābdhipotāya Sureśvarāya)

Being Sureśvara[14]-Lord of the Gods, Thou art Ship for the ocean of the phenomenal world.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०५. शिव स्वभावं ददते नराय

(Śiva svabhāvam dadate narāya)

Bestower of Sivahood to ordinary mortals - the bound Souls.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०६. विद्याशरीराय विद्यार्णवाय

(Vidyāśarīrāya vidyārṇavāya)

---

14. Sureśvara—A famous cave, where the oldest Śiva Liṅga exists at a hill top of ज़्यवन (Jyavana is a place near by Pampore, Kashmir some 25 kms. away from Srinagar) is known as सुरेश्वर–Sureśvara Guphā. People of all faiths visit this cave temple in the month of July/August on Āṣāḍa/Śrāvaṇa Pūrṇimā. It is said that mere Darśana - glance, of this self existant antique cave liṅga of Śiva is purifier and liberates from the bondage of this world.

Knowledge comprises thy body, Ocean of Knowledge You are.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०७. मूर्धन्यदेवाय सकलप्रदाय

(Mūrdhanyadevāya sakalapradāya)

Prominent among all Gods, Giver of all boons.
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

१०८. योगीन्द्रनाथाय सदाशिवाय

(Yogīndranāthāya Sadāśivāya)

Refuge of all Yogis, Sadā-Śiva Thou art
Obeisance to You, Guru Lakṣmaṇa Joo

यः पठेत् प्रयतो भक्तः जपेत् वा गुरुसन्निधौ।
गुरोः नामावली नित्यं गुरुस्तस्मै प्रसीदति॥

(Yaḥ paṭhet prayato bhaktaḥ japet vā Gurusannidhou
Guroḥ nāmāvalī nityam Gurustasmai prasīdati)

गुरोर्माहात्म्य मालेयं सर्वताप निवारिका।
गुम्फिता गुरुदासेन पिकेन ह्यनुरोधतः॥

(Gurormāhātmya māleyam sarvatāpanīvārikā
Gumphitā Gurudāsena pikena hyanurodhataḥ

Those who everyday recite this hymn called "Guru Nāmāvalī" with concentration or performing japa thereof in offering to the Master, will indeed earn Guru's blessing. The greatness of this hymn relieves one of all afflictions. This hymn, Guru Nāmāvalī, has been composed by Sri Makhan Lal Kukiloo on the request of his fellow devotees.
December 3, 1996

'श्रीमद्भगवद्गीतार्थसंग्रह' पर एक विहंगम दृष्टि

सुश्री प्रभादेवी

मालिनी के गतांक में हमने तन्त्रालोक के पांचवें आह्निक के कतिपय श्लोकों पर गुरुवाणी के आधार को लेकर प्रकाश डाला था। आणवोपाय का यह विषय साधकों के लिए उपयोगी होने पर भी जिज्ञासु शिष्यों के लिए दुरूह अवश्य है। अतः इस अंक में हम श्रीमद्गीतार्थसंग्रह में वर्णित श्री अभिनवगुप्त जी की पैनी तथा मार्मिक रहस्यपूर्ण भावों की प्रत्यभिज्ञा करवाकर इस लेख का प्रारम्भ करते हैं:–

भगवान् अभिनव जी ने गीता के प्रत्येक अध्याय के अन्त में एक संग्रह-श्लोक लिख कर सम्पूर्ण गीता जी में चार चांद लगा दिये हैं। दो लाइनों के श्लोक में ही त्रिकशास्त्र के सिद्धान्त की गुत्थी को खोलकर रख दिया है। ऐतिहासिक गाथा को भी अभ्यास परक बनाकर मुमुक्षुओं के लिए साधना का सहज मार्ग स्पष्ट शब्दों में दर्शाया है। प्रथम अध्याय में ही कौरवों को ममता-मूर्ति अविद्या पुरुष और पांडवों को ममतारहित शुद्धविद्या पुरुष कहकर इन्हें संकल्प-विकल्पों के पारस्परिक युद्ध का द्योतक कहा है। प्रथम अध्याय का संग्रह-श्लोक यह है:–

विद्याविद्योभयाघातसंघट्ट विवशीकृतः।
युक्त्या द्वयमपि त्यक्त्वा निर्विवेको भवेन्मुनिः।।

विद्या और अविद्या दोनों के चक्कर में उलझा हुआ साधक विवश बन कर गुरु युक्ति-पूर्वक दोनों से न्यारा होकर विवेक-विकल्पों तथा संकल्पों से मुक्त होकर निर्विकल्प धाम में प्रविष्ट होता है।

इस अन्तिम सार श्लोक का बार-बार मनन करते रहिये। अभ्यास में दृढ़ता होगी और एकाग्रता की नींव जमने लगेगी।

दूसरी अध्याय का संग्रह श्लोक यह रहा:–

अहो नु चेतसश्चित्रा गतिस्त्यागेन यत्किल।
आरोहत्येव विषयाञ्छ्यंस्तांतु परित्यजेत्।।

इस मन की गति भी विचित्र है। विषयों का त्याग करने से यह विषयों का (मन ही मन) भोग कराता है। (और इधर) विषयों का सेवन करते हुए (उनका) त्याग कर देता है।

ऊपर वर्णित श्लोक अनुभवपरक है। जीव, जब पूर्ण रूप से विषय भोगते-भोगते ऊब जाता है तो वह स्वभावतः विषयों से पराङ्मुख होकर सामान्य स्थिति में रहना चाहता है। इस स्थिति में आने के लिए वह मार्ग ढूंढता है। भगवत् अनुकंपा से उसे गुरुजनों से संपर्क हो जाता है और वे उसे पारमार्थिक मार्ग का प्रदर्शन करा देते हैं।

तीसरी अध्याय का संग्रह श्लोक देखिये–

धनानि दारान्देहं च योऽन्यत्वेना धिगच्छति।
किं नाम तस्य कुर्वन्ति क्रोधाद्याश्चित्त विभ्रमाः।।

जो व्यक्ति धन, स्त्री और अपने शरीर को भी (आत्मा) से अन्य भिन्न ही मानता है, ऐसे व्यक्ति को क्रोध आदि मन के विकार भला क्या बिगाड़ सकते हैं।

तीसरी अध्याय के अन्तिम श्लोक को समक्ष रखकर ही श्री अभिनवगुप्त जी ने ऊपर वर्णित संग्रह श्लोक लिखा है। भगवान कहते हैं:–

एवं बुद्धेः परं बुद्धवा संस्तभ्यात्मानमात्मना।
जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम्।। ३-४८।।

इस प्रकार बुद्धि से अन्य-सूक्ष्म अपनी आत्मा को जानकर (और) आत्मा ही के द्वारा आत्मा को स्थिर करके-एकाग्र बनकर हे अर्जुन जीतने में अति कठिन कामरूपी शत्रु को मार डालो–इसे अपने अधीन करो।

रहस्य के जानने वालों का तो यह आशय है–जो बुद्धि से भी परे है उसे परम अहंकार–पूर्णाहन्ता कहते हैं। यही १०८वां तत्त्व है जो विश्व के अणु-अणु में व्याप्त है। "मैं ही यह सारा जगत् हूं" इस प्रकार जो अहंभाव है, वही तो पूर्ण अहन्ता रूप अभेद की अवस्था है। परिपूर्ण स्वरूप वाले मुमुक्षु के मन में भेद-प्रथा न होने से क्रोध आदि विकार उत्पन्न ही नहीं होते। अतः अति उच्च जो पर अहंकार है वही पूर्णाहन्ता है उसका उत्साह-पूर्वक पल्ला पकड़ने से अविद्या रूप काम-क्रोधादि शत्रु को समाप्त करो तब जाके पारमार्थिक कल्याण होगा।

चौथी अध्याय का अन्तिम श्लोक यह है:–

तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः।
छित्त्वैवं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत।। ४-४२।।

इसलिए, हे अर्जुन! अज्ञान से उत्पन्न हुए हृदय में ठहरे हुए अपने संदेह को इस प्रकार ज्ञान की तलवार से काट कर योग में जुट जाओ। (अपना कर्त्तव्य निभाने के लिये) खड़े हो जाओ।

संशयों को काट कर कही हुई रीति से, कर्मों के करने में सजग रहना ही जो पटुता है, उसी योग में ठहरो। इसके बाद खड़े हो जाओ। अपना काम तुम कर्त्तव्य जानकर ही करो।

इस अध्याय का संग्रहश्लोक यह रहा–

विधत्ते कर्म यत्किंचिदक्षेच्छामात्रपूर्वकम्।
तेनैष शुभभाजः स्युस्तृप्तः करणदेवताः॥

इन्द्रियों के इच्छानुसार जो भी कोई कर्म किया जाए, उन्हीं कर्मों का अनुसरण करने पर तृप्त बनी हुई इन्द्रिय देवियां, मोक्ष रूप कल्याण को प्राप्त करें।

तनिक इस ऊपर वर्णित श्लोक पर ध्यान दें। त्रिक्शास्त्र के सिद्धान्त हमें बाहिरी त्याग करके मिथ्याचार में नहीं जुटाते अपितु इन्द्रियों की सभी अभिलाषाओं को पूर्ण करते हुए सजग रहकर ध्येयाकार बनने की ओर अग्रसर करते रहते हैं। इन्द्रियों को भ्रामक न कहकर इन्हें देवी या देवता से विभूषित करके इनके द्वारा सभी भोग भोगकर स्वात्मानन्द में विचरण करने का सुझाव देते रहते हैं।

पांचवीं अध्याय के अन्तिम दो श्लोक देखिये–

यतेन्द्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः॥ ५-२८॥

जिसने इन्द्रिय, मन और बुद्धि को जीता हो (ऐसा) मोक्ष की प्राप्ति में लगा हुआ योगी, इच्छा, भय और क्रोध से छूटा हुआ है। वह (तो) सदा व्यवहार करता हुआ भी मुक्त ही है।

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥ ५-२९॥

सभी लोकों का महान् ईश्वर (और) यज्ञ तथा तपस्या के फलों को भोगने-ग्रहण करने वाला, सभी प्राणियों का निष्कारण मित्र, मुझे जान कर (वह साधक) शान्ति को प्राप्त करता है।

उस वर्णित भावों को समक्ष रख कर अभिनव जी कहते हैं-

सर्वाण्येवात्र भूतानि समत्वेनानुपश्यतः।
जडवद्व्यवहारे ऽपि मोक्षायैवावकल्पते॥

इस विश्व के सभी प्राणियों को जो साधक साम्य-दृष्टि से देखता है, उसके लिए जड रूप बेकार का यह सांसारिक व्यवहार मोक्ष का हेतु ही बनता है।

इस श्लोक में वर्णित 'साम्य-दृष्टि' पर ध्यान दें। दृष्टि में साम्य होना चाहिये न कि साम्य-भक्षण में। अपने अपने वर्णानुसार धर्म के अनुकूल भक्षण होना चाहिये। भोजन पवित्र तथा मनोनुकूल होना चाहिये। अपवित्र नहीं।

छठे अध्याय का अन्तिम श्लोक यह है:-

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥ ६-४९॥

सभी योगियों में भी जो श्रद्धा से युक्त योगी मुझ में लगे हुए मन वाला होकर मुझे भजता है वह (योगी) मुझे अत्यधिक मान्य है। इस अध्याय का संग्रह श्लोक यह रहा-

भगवन्नामसंप्राप्तिमात्रात्सर्वमवाप्यते।
फलिताः शालयः सम्यग्वृष्टिमात्रेऽवलोकिते॥

भगवान् का नाम लेने मात्र से ही सभी कार्य वैसे ही (स्वतः) सिद्ध हो जाते हैं जैसे धान की बालियां मेह बरसते ही परिपक्व हो जाती हैं।

इस उपदेश को हृदय में अंकित करें। भगवान् की नाम-स्मरणा मनुष्य-मात्र का उपकार करने वाला राम-बाण है। अतः अहर्निश भगवान् में मन लगाकर सभी व्यवहार करिये।

सातवें अध्याय का संग्रह-श्लोक भी इसी आशय की पूर्ति करता है-

स्फुटं भगवतो भक्तिराहिता कल्पमंजरी।
साधकेच्छा समुचितां येनाशां परिपूरयेत्॥

भगवान् की भक्ति तो वह कल्प-लता है, जिसका आश्रय लेने से साधक की इच्छा के अनुकूल सभी अभिलाषा पूरी हो जाती है।

अब 'अक्षरब्रह्मयोग' नामक आठवीं अध्याय के अन्तिम श्लोक को बांचें-

वेदेषु यज्ञेषु तपः सु चैव
दानेषु यत्पुण्यफलं प्रदिष्टम्।
अभ्येति तत्सर्वमिदं विदित्वा
योगी परं स्थानमुपैति चाद्यम्॥ ८.२८॥

योगी इस तत्त्व को ठीक से जान कर, वेदों के स्वाध्याय में और यज्ञ, तप तथा दान आदि देने में जिस शुभ-फल की प्राप्ति कही है, उस सब को प्राप्त करता है और सनातन उच्च स्थिति को प्राप्त होता है।

यह पार्यन्तिक स्थिति क्या है? इस स्थिति को स्पष्ट तथा सुन्दर शब्दों में अभिनव जी इस संग्रहश्लोक में कहते हैं:–

सर्वतत्त्वगतत्वेन विज्ञाते परमेश्वरे।
अन्तर्बहिर्न सावस्थान यस्यां भासते विभुः॥

परमेश्वर को सभी तत्त्वों में अनुस्यूत जानने पर वह कोई भी भीतरी या बाहिरी अवस्था नहीं जिस में प्रभु व्यापक रूप से दिखाई न दें।

नवीं अध्याय के अन्तिम श्लोक में भगवान् कितने व्यापक भाव को स्पष्ट शब्दों में कहते हैं–

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मां नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मानं मत्परायणः॥ ९.३५॥

तुम मुझ में टिकाये हुए मन वाले बनो। मुझे नमस्कार करो। इस प्रकार मेरे शरण हुए तुम आत्मा को मुझ में जुटा कर, मुझ को ही प्राप्त करोगे।

इस कही हुई भगवद् उक्ति का समर्थन करते हुए श्री अभिनव जी आत्म-विमर्श रहित शास्त्र मात्र पढ़ने वालों तथा यज्ञादि कर्म-कांड में रत पुरोहितों के प्रति उलाहना सा देते हुए कहते हैं–

वेदान्वेद न वेद शांभवपदं दूयेत निर्वेदवान्
स्वर्गार्थी यजमानतां प्रतिजहज्जातो यजन्याजकः।
सर्वाः कर्मरसप्रवाह प्रसराः संवित्स्रवन्त्योऽखिला-
स्वात्मानन्दमहाम्बुधिं विदधते नाप्राप्य पूर्णां स्थितिम्॥

(द्वैत में ठहरा हुआ साधक) वेदों को तो जानता है, पर शांभवपद स्वात्मा को नहीं जान पाता। इसीलिए निर्वेद-वैराग्यवान् साधक (अपने में) बिसूरता-प्रभु का ही स्मरण करता रहता है। ऐसा पुरुष यजमानता को छोड़कर याजक पुरोहित ही बना रहता है। (बात तो यूं है) ये सभी कर्मरूपी नदियों के बहाव तो संवित्-रस को ही उगलती हैं, किन्तु पूर्णस्थिति को प्राप्त किये बिना स्वात्म-आनन्द के महान् समुद्र को (ये यज्ञ आदि कर्म) नहीं प्राप्त करा पाते।

इस अध्याय का संग्रहश्लोक यह रहा–

अद्वैते ब्रह्मणि परा सर्वानुग्रहशालिनी।
शक्तिर्विजृम्भते तेन यतनीयं तदाप्तये।। ९।।

सबों को अनुग्रह करने से सुशोभित बनी हुई परा-शक्ति, जो अद्वैत-ब्रह्म में ठहरी है, वही तो विकास को प्राप्त हुई है। अतः उस को प्राप्त करने के लिये भगीरथ-प्रयत्न करना चाहिये।

(क्रमशः)

द्वैतमूलमहोदुःखं नान्यत्तस्यास्ति भेषजम्।
दृश्यमेतन्मृषा सर्वमेकोऽहं चिद्रसोऽमलः।।
O, all pain and sorrow is rooted in duality;
there is no remedy for this except the knowledge
that all this visible universe is a falsity and that I
alone am the pure essence of consciousness.

षोडशकलायै श्रीशारिकादेव्यै नमः

कमलेति कौलो जानकीनाथः

शारिका शारदा देवी
शाम्भवी शर्मदा शुभा।
शांकरी शक्ति-संभूता
सुन्दरी सर्व-सन्निभा।।

ज्ञानदा योगदा पूर्णा
वाग्विलासाभिधा प्रभा।
रोगहा शोकहा शर्वा
साऽद्य नः संप्रसीदतु।।

।। ॐ श्री शारिकाभगवत्यै नमः।।

नमः श्रीशारिके तुभ्यं भोगमोक्षप्रदायिनी।
स्वातन्त्र्यरसपूर्णा त्वं पाहि नः शरणागतान्।। १।।

राजराजेश्वरी देवी स्वात्मसाम्राज्यदायिनी।
मानदा ज्ञानदा त्र्यक्षा मातृकाचक्रवासिनी।। २।।

जाग्रत्स्वप्नसुषुप्तादौ संविदेका न भिद्यते।
संविदमाप्लवन्ती तां तुर्यानन्दस्वरूपिणी।। ३।।

वाग्विलासविभूत्याऽसि व्यक्ता विश्वविमोहिनी।
अव्यक्ता व्यापिनी सूक्ष्मा परा निर्वाणनिर्वृतिः।। ४।।

सुरार्चिताऽसुरैर्वन्द्या शिवसायुज्यदायिनी।
पूर्णतागमनौन्मुख्या तुर्यानन्दविवर्धिनी।। ५।।

स्वप्रकाशा स्वयंज्योतिरौदासीन्यापरिच्युतिः।
मितौ विश्राम्यसि सम्यग्देवी विश्वैकजीवनी।। ६।।

रक्ताम्बरधरा शुभ्रा रक्तपुष्पावतंसिनी।
भवरोगनिमग्नान् त्वमस्मान्पाहि महेश्वरि!।। ७।।

॥ ॐ नमः श्रीशारिकाभगवत्यै॥

सदास्वरूपसाक्षिणी
सदास्वरूपमर्शिणि।
सदा शिवात्मत्र्यम्बके
शिवं कुरु शिवार्चनम्॥ १॥

यदा यदा, यदा तदा
स्मरामि त्वां भजामि त्वाम्।
तदा तदा, तदा कदा
कुरुष्व मे शिवार्पणम्॥ २॥

सुमंगलास्वरूपिणि
सुपिंगलाचिदर्चिनि।
दयार्द्रभावधारिणि
प्रदेहि मे परामृतम्॥ ३॥

त्वमच्युता त्वमक्षरा
त्वमव्ययाऽस्यनर्गला।
कुरुष्व मां शिवार्चकं
ददस्व मे स्वसंपदम्॥ ४॥

सुरूपरूपसंस्थिते
कुरूपरूपगर्हिते।
विबुद्धवृन्दवन्दिते
गृहाण मे निजार्चनम्॥ ५॥

साभार–
सन्त समागम शोध संस्थान
३७/४ पण्डोका कॉलोनी, पलौरा, जम्मू–१८११२१

ओं नमः शिवाय

शैवदर्शन के वातायन से

प्रो० नीलकण्ठ गुरुटू

अनन्तरीयकता— यह शब्द किन्ही दो पदार्थों में पाये जाने वाले अविनाभाव-सम्बन्ध का वाचक है। अन्=नहीं हो, अन्तरीयकता—घुसपैठ—अर्थात् बिनाभाव। दो पदार्थों का ऐसा सम्बन्ध जिसमें विनाभाव अर्थात् अलगाव नाम के लिए भी न हो। इस संसार में कई पदार्थयुग्म ऐसे भी हैं जो विनाभाव की स्थिति में ठहरने नहीं पाते हैं अतः वे केवल आपसी अविनाभाव की स्थिति में ही बने रहते हैं। उदाहरणार्थ—ज्ञान एवं क्रिया इन दोनों में नित्य अविनाभाव संबन्ध ही रहता है क्योंकि यदि वैसी बात न होती तो न ज्ञान और न क्रिया ही होती। ज्ञान क्रिया के विना और क्रिया ज्ञान के विना नहीं ठहर सकते हैं अतः इन दोनों के सम्बन्ध को अनन्तरीयकता अथवा अविनाभाविता सम्बन्ध कहा जाता है। ये दोनों स्वरूपतः अलग होकर भी हमेशा एक दूसरे के साथ सटे रहते हैं।

गुणीभाव— अप्रधानता की स्थिति को गुणीभाव की अवस्था कहते हैं। इसको दूसरे शब्दों में गौणता, अप्रधानता भी कहते हैं।

भोक्तृ-भोग्य-भाव— परमात्मा की लीला अपरंपार है। बहिरंग विश्व का उत्तरोत्तर विकास तब तक कतई संभव नहीं हो सकता है जब तक चेतन और जड भाव आपस में किसी स्वभावसिद्ध सम्बन्ध से जुड़े हुए होकर इस विकास की प्रक्रिया को सम्पन्न न करते। फलतः ये जड एवं चेतन भाव जिस सम्बन्ध से आपस में जुड़े हुए हैं उसको भोक्तृ-भोग्य-भाव संबन्ध कहते हैं। चेतन भाव भोक्ता और जड भाव भोग्य हैं। भोक्ता भोग्यों के बिना और भोग्य भोक्ता भावों के बिना न तो स्वरूपतः अस्तित्व में रह सकते हैं और न किसी क्रिया को संपन्न करने में समर्थ हैं। कारण यह कि इनमें अविनाभाविता है।

पुद्गल— बौद्धों की मान्यता के अनुसार सारे शरीरधारी भावों को 'पुद्गल' कहते हैं। बौद्ध विचारकों के अनुसार समूचा विश्व-प्रपञ्च त्रिक्षणवृत्ति होने के कारण केवल तीन-तीन क्षणों में ही नष्ट भी होता रहता है और फिर नया-नया भी बनता रहता है। तात्पर्य यह कि हरेक पदार्थ (जड़-चेतन दोनों) के अणु पहले क्षण में उत्पन्न, दूसरे क्षण में स्थित और तीसरे क्षण में नष्ट होते रहते हैं। इसी प्रकार इस त्रिक्षणवृत्तिता की धारावाहिता से यह विश्वप्रक्रिया उत्तरोत्तर चलती रहती है। इस पृष्ठभूमि पर संसार के सारे जीवों को पुद्गल कहते हैं

क्योंकि–'पूर्यन्तो गलन्तीति पुद्गलाः' इस लक्षण के अनुसार उनके शरीरों के परमाणु भी तीन-तीन क्षणों की अवधि में ही धारावाहिता से उत्पन्न एवं नष्ट होते रहते हैं।

प्राणना– प्राणशक्ति का वह मौलिक सूक्ष्मातिसूक्ष्म एवं सामान्य रूप जो सारे जड़-चेतन पदार्थों में सामान्य रूप में व्यापक रहता है। श्वास एवं प्रश्वास उसी प्राणना के स्थूल रूप होते हैं।

अभाव– किसी भी पदार्थ के पूरे असद्भाव को अभाव कहा जाता है। असद्भाव बिल्कुल वर्तमान न होने के भाव को अभिव्यक्त करता है। यहां तक तो ठीक है परन्तु प्रश्न यह है कि पूरे असद्भाव की अवस्था किसी भी हालत में सिद्ध नहीं होती है। यदि पदार्थों के पूरे असद्भाव की दशा को अभाव कहा जाये तो उसमें भी 'अ' का 'भाव'=सद्भाव ही सिद्ध होता है। 'अ' से चित्भाव का अभिप्राय है। चिद्भाव का किसी हालत में असद्भाव नहीं होता है। फलतः जिसको हम 'अभाव' कहते हैं वह वास्तव में चिद्भाव के भाव वर्तमानता की ही दशा होती है।

उत्सादन– प्रमाता के द्वारा जानबूझ कर किसी पदार्थ के अस्तित्व को मिटा देना या नकारना 'उत्सादन' कहा जाता है।

योगक्षेम– ये दो शब्द हैं योग और क्षेम। किसी भी अतिदुर्लभ पदार्थ की अनाशङ्कित प्राप्ति को 'योग', और उपरान्त उस प्राप्त किए गए अर्थ के रक्षण अर्थात् बचाए रखने को 'क्षेम' कहते हैं–'अप्राप्तस्य प्राप्तिर्योगः, प्राप्तस्य रक्षणं क्षेमः।

ब्रह्म– 'ब्रह्म' उस निराकार, अविचल, अपरिणामी, नित्य, व्यापक, 'सद्भाव' को कहते हैं जो स्वरूपतः 'वृहत्' अर्थात् कल्पना से भी अतीत विस्तार वाला एवं 'बृंहक'-अर्थात् स्वरूप के ही गर्भ में पनपते रहने वाले विश्व को पुष्टि प्रदान करने वाला है। भगवती चित्-शक्ति से अधिक या अतिरिक्त और कोई ब्रह्म नहीं है। वही मात्र मूर्धन्य 'ब्रह्म' है। उसको प्रणाम हो।

भूतभावक– ऐसा सत्यत्व, जिसमें सारे मिथ्यावाद, विरोधाभास एवं पाखण्ड के प्रपञ्च का लेशमात्र भी मिश्रण न हो, उत्पन्न करने वाले आधारभूत अस्तित्व को 'भूतभावक' कहते हैं।

क्षर– जिस पदार्थ का 'क्षरण' होता रहता है अर्थात् जिसको "उत्पन्न होना, वर्तमान रहना, बढ़ना, परिणत होना क्षीण होना और नष्ट होना"–इन छः विकारों का विषय बनना पड़ता है, 'क्षर' कहलाता है।

अक्षर– ऐसा 'सद्भाव'–अर्थात् शाश्वतिक भाव जो पूर्णतया क्षर से अतीत एवं सच्चिदानन्दमय है 'अक्षर' कहलाता है।

द्वार– शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गंध–इन पांच भिन्न भिन्न स्वरूपवाले ग्राह्य-विषयों के लिए अंतः प्रवेश करने के उपयुक्त दरवाज़े अर्थात् 'पांच ज्ञानेन्द्रियों' को द्वार कहते हैं।

पुरुष– 'पुरि शेते इति पुरुषः'–किसी भी प्रकार के जीवित शरीर में रहने वाले जीवनादायक तत्त्व अर्थात् चित्-अंश को पुरुष कहते हैं।

विश्व-सत्सङ्ग

भगवत्कृपा–एक विचित्र रहस्य

श्री जानकीनाथ कौल 'कमल'

(गतांक से आगे)

श्रुति-स्मृति आदि शास्त्रों में भगवत्कृपा के अनेक उदाहरण मिलते हैं। कुछ एक उदाहरण ही सच्चे भगवद्-भक्तों के लिए मर्मस्पर्शी हो सकते हैं–

१. याज्ञवल्क्य-मैत्रेयी-प्रसंग में मैत्रेयी पर भगवत्कृपा उसी समय हुई थी जब उसके निर्मल अन्तःकरण से प्रव्रज्या करते हुए अपने श्रद्धेय पति के प्रति ये शब्द निकले थे–

येनाहं नामृता स्यां किमहं तेन कुर्याम्॥

(बृहदारण्यकोपनिषद्, २.४.३)

'जिस (गृह-सम्पत्ति) से मैं अमर नहीं हो सकती उससे मेरा क्या प्रयोजन।' तभी तो महर्षि याज्ञवल्क्य के श्रीमुख से स्वानुभवैकगम्य यह अलौकिक वाक्य स्वभाव से ही निकला था–

येनेदं सर्वं विजानाति तं केन विजानीयाद्विज्ञातारमरे केन विजानीयादिति॥

(बृहदारण्यकोपनिषद्, २.४.१४)

'जिस के द्वारा इस सबको जानता है, उसे किस के द्वारा जाने? (हे मैत्रेयी!) विज्ञाता को किसके द्वारा जानें?'

२. याज्ञवल्क्य-गार्गी संवाद में गार्गी के प्रश्नों के उत्तर देते हुए जब याज्ञवल्क्य ने उसके प्रति कहा–

यो वा एतदक्षरं गार्ग्यविदित्वास्माल्लोकात् प्रैति स कृपणः।

(बृहदारण्यकोपनिषद्, ३.८.१०)

'हे गार्गी! जो कोई भी इस अक्षर को बिना जाने इस लोक से मर कर जाता है, वह कृपण (दीन) है।'

तो गार्गी चुप हुई थी। उसके लिए भगवत्कृपा की यही शुभ घड़ी थी। तर्क-बुद्धि भगवत्कृपा से अत्यन्त निर्मल हो चुकी थी।

३. आरुणि-श्वेतकेतु-प्रसंग में जब श्वेतकेतु बारह वर्ष की अवस्था में उपनयन कराकर चौबीस वर्ष का होने पर सम्पूर्ण वेदों का अध्ययन कर अपने को बड़ा बुद्धिमान् और व्याख्या करने वाला मानते हुए उद्दण्डभाव से घर लौटा तो पिता ने उससे कहा–

'तमादेशमप्राक्ष्यः'

'क्या तूने वह आदेश (अपने गुरु से) पूछा है?'

येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातमिति।

(छान्दोग्योपनिषद्, ६.१.३)

'जिसके द्वारा अश्रुत श्रुत हो जाता है, अमत मत हो जाता है और अविज्ञात विशेष रूप से ज्ञात हो जाता है।'

यथा सौम्यकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्याद्वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्॥

(छान्दोग्योपनिषद्, ६.१.४)

'हे सौम्य! जिस प्रकार एक मृत्तिका के पिण्ड के द्वारा सम्पूर्ण मृन्मय पदार्थों का ज्ञान हो जाता है कि विकार केवल वाणी के आश्रयभूत नाम-मात्र हैं, सत्य तो केवल मृत्तिका ही है।'

तब श्वेतकेतु पर भगवत्कृपा का प्रादुर्भाव हुआ। उसने श्रद्धापूर्वक श्रोत्रिय-ब्रह्मनिष्ठ अपने पिता आरुणि की शरण में जाकर ही, वह परम-तत्त्व जान लिया।

४. महाभारत के वनपर्व अध्याय १३२-१३४ में अष्टावक्र-जनक की कथा है। पूर्व पुण्यविपाक से परमार्थ-जिज्ञासा राजा जनक में उत्पन्न हुई थी। इसी जिज्ञासा में उसे परमदयालु श्री अष्टावक्र जी मिले। जनक ने तो श्रद्धापूर्वक उनको प्रणाम किया परन्तु मन में ऋषि के आठ वक्र अंग और कुरूपता को देखकर, अभिमान तथा घृणा प्रवेश कर गई। दिव्यदृष्टि के द्वारा राजा के मन का विचार जानकर अष्टावक्र जी ने कहा–'हे राजन्! देहदृष्टि को छोड़ यदि आत्मदृष्टि करोगे तो देखोगे कि यह देह टेढ़ी है परन्तु इसमें स्थित आत्मा टेढ़ी नहीं है', तो जनक में सच्ची जिज्ञासा जाग्रत हुई। भगवत्कृपा से उसका मोह तत्काल दूर हुआ और उसी क्षण गुरु-दीक्षा के लिए प्रार्थना स्वीकार कर अष्टावक्र जी ने उसे अद्वैत ब्रह्मनिष्ठा में सुस्थिर करने के लिए आरम्भ में कहा–

मुक्तिमिच्छसि चेत् तात! विषयान् विषवत् त्यज।
क्षमार्जवदयातोषसत्यं पीयूषवद् भज।।

(अष्टावक्र संहिता, २.१)

जो मोक्ष है तू चाहता, विष-सम विषय तज तात रे।
आर्जव, क्षमा, संतोष, शम-दम पी सुधा दिन रात रे।।

(अनुवादः यतिवर भोले बाबा जी)

सद्गुरु अष्टावक्र द्वारा जिज्ञासु राजा जनक पर भगवत्कृपा इस प्रकार प्रकट हुई, और आज भी संसार भर के लिए 'अष्टावक्र-संहिता' जैसा अनुभवपूर्ण तथा अत्युत्तम ग्रन्थ उपलब्ध है। परमहंस रामकृष्ण ने युवा नरेन्द्र (स्वामी विवेकानन्द) को इसी अनुपम ग्रन्थ के अध्ययन पर बल दिया था।

५. भक्त शिरोमणि हनुमान पर भगवत्कृपा का अलौकिक उदाहरण रामायण में मिलता है। धनुष-बाण लिए मर्यादापुरुषोत्तम रामचन्द्र लक्ष्मण के साथ ऋष्यमूक पर्वत के बगल में रावण द्वारा चुराई सीता के अन्वेषणार्थ चल रहे थे तो सुग्रीव की दृष्टि उन पर पड़ी। वह भयभीत हुआ और सोचने लगा कि कहीं बाली के भेजे हुए ये वीर मुझे मारने के लिए तो नहीं आ रहे। उसने अपने एक मन्त्री हनुमान् को ब्रह्मचारी वेष में उनसे उस बात का पता करने के लिए भेजा। राम-लक्ष्मण से भेंट हुई। यही वह उत्तम घड़ी थी जब भक्त हनुमान पर भगवत्कृपा हुई थी। बस भक्त को भगवान् मिल गये।

६. **नन्द घर आनन्द भयो जै कन्हैया लाल की।**

भगवान् कृष्ण का जन्म कारावास में वसुदेव-देवकी से हुआ। परन्तु भगवत्कृपा नन्दबाबा-जसुदा के भाग्य में थी। कवि ने मार्मिक शब्दों में इसका संकेत किया है–

बेटा भयो वसुदेव के घर, दुन्दुभि बाजे नन्द के द्वारे।

७. नरोत्तमदासकृत लोकप्रिय सुदामा-चरित में भगवत्कृपा का अनूठा उदाहरण यूं मिलता है–

जब दरिद्र ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला की प्रेरणा से भगवान् कृष्ण से मिलने द्वारका चले तो–

भेंटि भली विधि विप्र सों, कर गहि त्रिभुवनराय।
अन्तःपुर को लै गए, जहां न दूसरा जाय।।

ऐसे बेहाल बिबाइन सों
पग कंटक जाल लगे पुनि जोए,
हाय महा दुःख पायौ सखा।
तुम आए इतै न कितै दिन खोए।
देखि सुदामा की दीन दसा
करुणा करिकै करुणानिधि रोए,
पानी परात को हाथ छुयौ नहिं,
नैनन के जल सों पग धोए।

और अत्यन्त प्रेमभाव से सखा कृष्ण प्रिय सुदामा से बोले–

कछु भाभी हम को दियौ, सो तुम काहे न देत।
चांपि पोटरी कांख में, रहो कहौ केहि हेत।।

संकोच में पड़ा सुदामा किंकर्त्तव्यमूढ़ था। इस चिन्तनातीत दशा में वह–

खोलत सकुचत गांठरी, चितवत हरि की ओर।
जीरन पट फटि छुरि परे, बिखरि गए तेहि ठौर।।

बस, सुदामा पर, उसके अनजाने ही, भगवत्कृपा हुई और भगवान् कृष्ण ने–

एक मुट्ठी हरि भरि लई, लीन्हीं मुख में डारि।
चबत चबाऊ करन लगे, चतुरानन त्रिपुरारि।।

बस सुदामा के बिखरे तण्डुल उसके लिए भगवत्कृपा के कारण बन गए।

८. जैन-कथा में पढ़ा है कि एक साधक-शिष्य गुफा के द्वार पर घुटनों तक बर्फ में समय की संज्ञा से अतीत होकर गुरु महाराज के दर्शनार्थ खड़ा था, तो कई दिनों के बाद जब समाधिस्थ गुरु की आंख खुली तो भक्त-शिष्य पर कृपा कटाक्ष हुआ।

९. युवा नरेन्द्र नास्तिक था। अपने कुछ मित्रों की प्रेरणा से वह दक्षिणेश्वर मन्दिर में परमहंस रामकृष्ण के पास हँसी-मखोल उड़ाने चला। कमरे के द्वार पर पहुंच कर परमहंस देव के दर्शन पाकर ही उसका काया-पलट हुआ और स्वामी विवेकानन्द जनता के लिए आदरणीय गौरव का स्थान पा गए। उसे क्या पता था कि 'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः'—'परमात्मा तो उसी को प्राप्त होते हैं जिस को वह स्वीकार कर लेते हैं।'

सारांश यह है कि कुण्डलिनी शक्ति प्रत्येक प्राणी में मौजूद है। इस महाशक्ति का विकास जाति, कुल, धर्म, स्थान तथा समय के विचार से रहित किसी भी प्राणी में होता है। 'कहां, कब या कैसे भगवत्कृपा होती है' इस विषय में अल्पबुद्धि मनुष्य कुछ कह नहीं सकता। सच्चे साधक के अन्तरात्मा में तो सर्वशक्तिमान् भगवान् के प्रति केवल यही प्रार्थना होती है—

नान्या स्पृहा रघुपते! हृदयेऽस्मदीये
सत्यं वदामि च भवानखिलान्तरात्मा।
भक्तिं प्रयच्छ रघुपुङ्गव निर्भरां मे
कामादिदोषरहितं कुरु मानसं च॥

'हे रघुपति! हमारे हृदय में तो कोई दूसरी इच्छा नहीं है। आप अखिल विश्व चराचर के अन्तरात्मा हो और मैं यह सत्य कहता हूँ। हे रघुपुङ्गव! मुझे निर्भर भक्ति का दान दो और मेरे मन को कामादि दोष से रहित बना दो।'

भगवत्कृपा प्राप्त ज्ञानी भक्त-सन्त अपने स्वरूप का प्रत्यभिज्ञान प्राप्त कर चकित-मुद्रा में 'बशाशत की लहर' को इस प्रकार प्रकट करता है—

मैं क्या यह देखता हूँ मेरा ही नूर मैं हूँ;
आंखें जिधर को देखें बस एक मैं ही मैं हूँ।
यूं तो अनेक शक्लें आंखों में जम रही थीं,
अब तो वह सारी लेकिन कुछ भी नहीं है मैं हूँ।
वाह् वा! अजब तमाशा! यह खेल है गज़ब का,
जिस में कि जाम भर कर मुझको पिलाता मैं हूँ।

खाता खिलाता मैं हूँ पीता पिलाता मैं हूँ,
यह खान-पान लेकिन कुछ भी नहीं है मैं हूँ।
बाजे सुरीले गाने तम्बूर के तराने,
बहदत में अपनी हर सू सुनता सुनाता मैं हूँ।
गर यां हूँ तो यहां हूँ, गर वां हूँ तो वहां हूँ,
आहा! अहा! अहा हा! बस मैं ही मैं ही मैं हूँ।

(कमल)

अतः मैं उन पूर्णब्रह्म चित्स्वरूप सद्गुरु महाराज के चरण-कमलों का आश्रय लेता हूँ जिनके कृपाकटाक्ष से–'पंगु गिरि लंघै, अन्धे को सब कछु दर्शायी'–

ऐसी भगवत्कृपा सुलभ होती है–

या काचिद् वै क्वचिदपि दशा किञ्चिदभ्यासपूरा–
दानन्दाख्या भवभयहरा स्यात् सुभक्तस्य सद्यः।
सिद्धिः सैषा सुरपितृनृणां यस्य भक्त्या भवेन्नु
तं स्वात्मानं विभववपुषं सद्गुरुं वै प्रपद्ये॥

–दैशिकपञ्चदशी (कमल)

'कहीं किसी दीर्घकाल तक निरन्तर चलने वाले धारावाहिक अभ्यास से किसी श्रेष्ठ भक्त को जो तत्काल कोई अनिर्वचनीय, भवभयहारिणी आनन्दावस्था प्राप्त हो जाती है, वही उसकी सिद्धि है। देवताओं, पितरों तथा मनुष्यों को यह उत्कृष्ट सिद्धि, जिनकी भक्ति (सेवा-पूजा) से उपलब्ध होती है उन ज्ञानादि ऐश्वर्यमय शरीर वाले निजात्मस्वरूप सद्गुरु की मैं शरण लेता हूँ।'

यह भगवत्कृपा का अलौकिक रहस्य है।

Think it over

१.

निःस्पृहं मानसंयस्य नैरापूयेऽपि महात्मनः।
तस्यात्मज्ञानतृप्तस्य तुलना केन जायते।।

With whom can that great - souled one he compared, who is desireless even in disappointment and is satisfied with self-knowledge?

२.

तदाबन्धो यदा चित्तं किञ्चित् वांछति शोचति।
किंचित् मुञ्चति गृह्णाति किंचित् हृष्यति कुप्यति।।

There is bondage when the mind desires for something, grieves for something, rejects something, accepts something, rejoices at something and gets angry with something.

३.

यदा नाहं तदा मोक्षो यदाहं बन्धनं तदा।
मत्वेति हेलया किंचिन्मा गृहाण विमुञ्च मा।।

When there is no 'I' then there is liberation;
When there is 'I' then there is bondage; therefore knowing thus, do not accept or reject anything.

४.

कस्यापि तात धन्यस्य लोक चेष्टावलोकनात्।
जीवितेच्छा बुभुक्षा च बुभुत्सोपशमं गताः।।

Rare is that blessed person; O child, who by seeing the foolish ways of the world, has extinguished his desire for life, enjoyment and learning.

*(**Gems** from Aṣṭāvakra Gītā Sāra)*

ISHWAR ASHRAM TRUST

F-115, Sarita Vihar, New Delhi - 110044. Phone 6943307

Ref. No. IAT/S/203/98 Date : 24.12.98

Thanks

The family of late Shri Ram Chandra Raina (Ex-Settlement Commissioner, J & K Govt.) have donated to the Ishwar Ashram Trust, very valuable books, pertaining to Kashmir Shaivism, from the personal library of Shri Raina. We acknowledge this kind of gesture gratefully and at the same time make a fervent appeal to the learned readers of MALINI to donate to the trust any book/books they may have on the above said subject. This will enable us to build a reference Shelf/Library for the benefit of the readers interested in the Kashmir Shaiva philosophy.

I. K. Raina
Secretary, I.A. Trust

NEW INDIA ASSURANCE



AT HOME OR IN BUSINESS...
WE KEEP YOU SAFE, SECURE AND HAPPY.

New India Assurance offers a wide range of insurance covers. That provide security in nearly every field of human activity.

From theft or burglary at home. To cargo and hull insurance in shipping. Even poultry and livestock.

At New India, providing protection has been a way of life. Backed by service that has enabled it to emerge as India's leading general insurance company.

Our insurance policies: • **Householder's** • **Personal Accident** • **Mediclaim** • **Overseas Mediclaim** • **Cancer** • **Machinery** • **Boiler & Pressure Plant** • **Electronic Equipment** • **Cold Storage** • **Marine (Cargo)** • **Hull** • **Shopkeeper's** • **Livestock & Poultry** • **Other Property** • **Horticulture** • **Package (agriculture)**

TOWARDS RS. 1000 CRORE PREMIUM

THE NEW INDIA ASSURANCE CO. LTD.